# भागलपुर समाहरणालय

(जिला पंचायत राज कार्यालय, भागलपुर)

☎ : 0641-4050271 E-mail ID- panchyatiraj.bgp.bih@gmail.com

बिहार सरकार

(789)

पत्रांकः— 1116 / पं0

प्रेषक,

जिला पदाधिकारी,
भागलपुर।

सेवा में,

सचिव,
पंचायती राज विभाग,
बिहार, पटना।

सचिव
पंचायती राज विभाग
गोपनीय कोषांग
ई-ऑफिस डायरी सं0 4038714
दि0 5/5/25

भागलपुर, दिनांकः— 03.05.25

विषयः— पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु स्थल से संबंधित अनापत्ति प्रमाण पत्र के संबंध में।

प्रसंगः— जिला शिक्षा पदाधिकारी, भागलपुर का पत्रांक—387 दिनांक—17.04.2025

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में कहना है कि पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु स्थल का चयन किया गया था। अनापत्ति प्रमाण पत्र अप्राप्त होने के कारण निर्माण कार्य लंबित है तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी, भागलपुर के पत्रांक—387 दिनांक—17.04.2025 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि चयनित/प्रस्तावित भूमि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, जयरामपुर, धरमपुररत्ती प्रखंड—बिहपुर के खेल मैदान का है। चयनित/प्रस्तावित भूमि का विवरणी निम्नवत हैः—

| क्र0 | अनुमंडल | प्रखंड | पंचायत | स्थल का विवरण | | | | संबंधित विभाग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | मौजा | खाता नं0 | खेसरा नं0 | रकवा ए0/डी0 | |
| 01 | नवगछिया | बिहपुर | धरमपुर रत्ती | जयरामपुर नन्हकार/11 | 455 | 285 | 0 ए 49 डी0 | शिक्षा विभाग |

अतः अनुरोध है कि उक्त वर्णित स्थलों का अनापत्ति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने की दिशा में अग्रेत्तर कार्रवाई करने की कृपा की जाए।

अनुलग्नकः—यथोक्त।

विश्वासभाजन

जिला पदाधिकारी,
भागलपुर।

निदेशक, पंचायती राज विभाग — 07 MAY 2025

संयुक्त सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना — 07 MAY 2025

J.S.(N.H.)



Scanned with CamScanner

788

# कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी,भागलपुर

पत्रांक DEO/cell/office Letter/20/2024 387/

प्रेषक:–

राज कुमार शर्मा
जिला शिक्षा पदाधिकारी
भागलपुर।

सेवा में,

जिला पंचायत राज पदाधिकारी,
भागलपुर।

भागलपुर, दिनांक– 17/4/2025

विषय:– विद्यालय के भूमि पर पंचायत भवन निर्माण के संबंध में।

प्रसंग:– प्रभारी प्रधानाध्यापक, उच्च माध्यमिक विद्यालय जयरामपुर के पत्रांक 165 दिनांक 03.03.2025

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासांगिक पत्र के आलोक में अंकित करना है कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जयरामपुर, धर्मपुररत्ती, बिहपुर, भागलपुर के खेल के मैदान में पंचायत भवन का निर्माण कराया जा रहा है। उक्त निर्माण कार्य पर प्रधानाध्यापक द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि विद्यालय द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं ली गई है। विभाग से अनापत्ति भी नहीं ली गई है। निर्माण कार्य होने से विद्यालय में अध्ययनरत छात्र/छात्रों का खेल का मैदान प्रभावित हो रहा है। उक्त पर माननीय मंत्री शिक्षा विभाग, बिहार के आप्त सचिव महोदय के द्वारा दूरभाष के माध्यम से निर्देश दिया गया है कि छात्रहित को ध्यान में रखते हुए पंचायत सरकार भवन के निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगा दी जाय।

अतः अनुरोध है कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जयरामपुर, धर्मपुररत्ती, बिहपुर, भागलपुर के खेल के मैदान में पंचायत भवन के निर्माण कार्य पर रोक लगाने की कारवाई की जाय। ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास प्रभावित नहीं हो सकें।

विश्वासभाजन

17.04.25

राज कुमार शर्मा
जिला शिक्षा पदाधिकारी
भागलपुर

ज्ञापांक DEO/cell/office Letter/20/2024 387/भागलपुर दिनांक 17/4/2025

प्रतिलिपि :– प्रधानाध्यापक, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जयरामपुर, धर्मपुररत्ती, बिहपुर, भागलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– प्रखंड विकास पदाधिकारी, बिहपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– अंचलाधिकारी, बिहपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– माननीय शिक्षा मंत्री बिहार के आप्त सचिव, की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपि :– उप विकास आयुक्त, भागलपुर की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपि :– जिलाधिकारी, भागलपुर की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

17.04.25

राज कुमार शर्मा
जिला शिक्षा पदाधिकारी
भागलपुर

Scanned with CamScanner

